अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि
at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

28 DEC. 2023

USEFUL FOR



IAS | PCS
& other civil services exams


**Sunil Lawania**
(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **पीएम मोदी 28 दिसंबर 2023 को नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे**



- यह इस तरह का तीसरा सम्मेलन होगा। इस तरह का पहला सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था।
- इस तरह का दूसरा सम्मेलन पिछले साल जनवरी में दिल्ली में आयोजित किया गया था।
- सहभागी शासन को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाता है।
- इसका आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए भी किया जाता है।
- इस वर्ष मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन 27 से 29 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा।
- इस वर्ष मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य फोकस 'ईज ऑफ लिविंग' होगा।
- तीन दिवसीय सम्मेलन में केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों, मुख्य सचिवों और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित 200 से अधिक लोग भाग लेंगे।
- भूमि और संपत्ति, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और स्कूली शिक्षा पांच उप-विषय हैं जिन पर सम्मेलन में चर्चा की जाएगी।

2. **वीर बाल दिवसः 26 दिसंबर**




- वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों और उनकी मां द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है।
- गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बेटे, साहिबजादा जोरावर सिंह (9) और साहिबजादा फतेह सिंह (7) मुगलों द्वारा आनंदपुर साहिब पर हमले के दौरान मारे गए थे।
- उन्हें मुगल सेना ने बंदी बना लिया और उन्हें इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया गया।
- गुरु गोबिंद सिंह की मां माता गुजरी और उनके दो बड़े बेटे, साहिबजादा अजीत सिंह (18) और साहिबजादा जुझार सिंह (14) भी मारे गए।
- वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों "साहिबज़ादों" के सम्मान में मनाया जाता है।
- फतेहगढ़ साहिब उस स्थान का नाम है जहां वे शहीद हुए थे।
- केंद्र सरकार ने 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया।
- पीएम मोदी ने इस साल नई दिल्ली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया।

3. **भारत ने UAE को पहली बार रुपए में पेमेंट किया**




- भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) को क्रूड ऑयल के लिए पहली बार रुपए में पेमेंट किया है। यह पेमेंट 10 लाख बैरल क्रूड ऑयल के लिए किया गया है।
- सरकार ने जुलाई में UAE के साथ रुपए में सेटलमेंट के लिए एग्रीमेंट साइन किया था।
- भारत की ओर से यह पहला पेमेंट इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) ने UAE की ऑयल कंपनी अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (Adnoc) को किया है। इसके अलावा कुछ रूसी इंपोर्ट के लिए भी भारत ने रुपए में पेमेंट किया है।
- वहीं 35 से ज्यादा देश रुपए में ट्रेड सेटलमेंट में दिलचस्पी दिखा चुके हैं।

4. **इसरो (ISRO) 1 जनवरी 2024 को देश का पहला पोलरिमेट्री मिशन लॉन्च करेगा**



- इसरो (ISRO) 1 जनवरी 2024 को देश का पहला पोलरिमेट्री मिशन लॉन्च करने वाला है।
- यह लॉन्चिंग सतीश धवन स्पेस सेंटर श्रीहरिकोटा से सुबह 9:10 बजे होगी।

- इसमें PSLV-C58 के साथ एक्स-रे पोलरिमेट्री सैटेलाइट (XPoSat) को भेजा जाएगा।
- यह सैटेलाइट एक्स किरणों का डेटा कलेक्ट करके ब्लैक होल और न्यूट्रॉन तारों की स्टडी करेगा।

**5. UP में संस्कृति उत्सव 2023 का आयोजन किया**




- उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने और लोक कला को सर्वव्यापी बनाने के लिए राज्य में 25 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक 'संस्कृति उत्सव 2023' शुरू किया गया है।
- **संस्कृति उत्सव की थीम:**
- उत्तर प्रदेश पर्व: हमारी संस्कृति-हमारी पहचान'
- यह महोत्सव उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कई प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।
- **उत्तर प्रदेश : सामान्य जानकारी**
- गठन- 1 नवंबर, 1956
- राजकीय चिह्न: एक वृत्त के भीतर दो मछलियाँ व तीर कमान
- राजकीय पक्षी : सारस (क्रौंच) (ग्रस एंटीगोन)
- राजकीय पशु: बारहसिंगा (रुसेर्वस डुवाउसेली)
- राजकीय पुष्प: पलाश
- विधान सभा सीटें - 404
- लोक सभा सीटें - 80
- राज्यसभा सीटें - 31
- राज्य के पहले मुख्यमंत्री - पं. गोविंद बल्लभ पंत
- राज्य एवं देश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री -सुचेता कृपलानी
- वर्तमान मुख्यमंत्री - योगी आदित्यनाथ

**6. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार में गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे नए पुल के निर्माण को मंजूरी दी**



- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार में दीघा और सोनपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे, 6-लेन वाले नए पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी.
- इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 3,064.45 करोड़ रुपये अनुमानित है जिसमें सिविल निर्माण के लिए 2,233.81 करोड़ रुपये भी शामिल हैं.
- इसके निर्माण से राज्य में यातायात तेज और आसान हो जाएगा.

**7. मैनचेस्टर सिटी ने20वां फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2023 जीता**



- अर्जेंटीना के जूलियन अल्वारेज के दो बेहतरीन गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है।
- उन्होंने फाइनल में ब्राजील की टीम फ्लूमिनेंस को 4-0 से रौंद दिया।
- इस फाइनल में जीत के साथ ही सिटी ने इस साल अपना पांचवां खिताब जीता।
- अल्वारेज के अलावा सिटी के लिए फिल फोडेन ने 72वें मिनट में गोल किया।
- वहीं, फ्लूमिनेंस की तरफ से निनो ने एक आत्मघाती गोल भी किया।

**8. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार में गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे नए पुल के निर्माण को मंजूरी दी**




- अनुसूचित जाति के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए हाल ही श्रेयस योजना को शुरू किया गया है।
- यह एक व्यापक योजना है जिसमें 4 उप-योजनाएँ शामिल हैं जिनका उद्देश्य अनुसूचित जाति को शिक्षा के अवसर और सहायता प्रदान करना है। इसमें उच्च श्रेणी की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता, SC/OBC के लिए
- मुफ्त कोचिंग, SC छात्रों के लिए फेलोशिप और एक विदेशी योजना शामिल है।
- इन यो के तहत आय और शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर पात्रता करने के लिए कई स्लॉट समर्पित किए गए हैं।

**9. भारतीय नौसेना में हाल ही में लेटेस्ट स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर 'इम्फाल' को शामिल किया**



- भारतीय नौसेना में हाल ही में लेटेस्ट स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर 'इम्फाल' को शामिल किया गया है.
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में इसे नौसेना में शामिल किया गया.
- आईएनएस 'इम्फाल' पहला वॉरशिप है जिसका नाम उत्तर-पूर्व के एक शहर के नाम पर रखा गया है.
- इसका डिजाइन 'युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो' द्वारा तैयार किया गया है और इसका निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड, मुंबई ने किया है.

**10. डेविड वार्नर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने**




- ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए है.
- वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में यह उपलब्धि हासिल की.
- उन्होंने इस मामले में स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया है.
- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की लिस्ट में दिग्गज पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग टॉप पर है, जिन्होंने कुल 27,368 रन बनाये है.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कौन करेगा?**
   (a) नरेंद्र मोदी
   (b) अमित शाह
   (c) राजनाथ सिंह
   (d) एस जयशंकर
2. **वीर बाल दिवस के चार बेटों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है।**
   (a) गुरु अर्जन
   (b) गुरु हरगोबिंद
   (c) गुरु अमर
   (d) गुरु गोबिंद सिंह
3. **भारत ने किस देश को पहली बार रुपए में पेमेंट किया है?**
   (a) UAE
   (b) बांग्लादेश
   (c) नेपाल
   (d) इनमे से कोई नही
4. **किसके द्वारा 1 जनवरी को पहला पोलरिमेट्री मिशन लॉन्च किया जाएगा?**
   (a) DRDO
   (b) ISRO
   (c) SpaceX
   (d) इनमे से कोई नही
5. **Dec 2023 में किस राज्य में संस्कृति उत्सव 2023 का आयोजन किया गया ?**
   (a) छत्तीसगढ़
   (b) राजस्थान
   (c) मध्य प्रदेश
   (d) उत्तर प्रदेश
6. **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस राज्य में गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे नए पुल के निर्माण को मंजूरी दी है?**
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b) बिहार
   (c) पश्चिम बंगाल
   (d) उत्तराखंड
7. **हाल ही में 20वां फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2023 किसने जीता ?**
   (a) रियल मैड्रिड
   (b) अल-इत्तिहाद
   (c) फ्लुमिनेंस
   (d) मैनचेस्टर सिटी
8. **अनुसूचित जाति के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए हाल ही कौनसी योजना शुरू की गयी है?**
   (a) सबल
   (b) सक्षम
   (c) श्रेयस
   (d) समर्थ
9. **हाल ही में भारतीय नौसेना में किस स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर को शामिल किया गया?**
   (a) आईएनएस 'इम्फाल'
   (b) आईएनएस 'चक्र'
   (c) आईएनएस 'ध्वज'
   (d) आईएनएस 'कवरत्ती'
10. **अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कौन बने?**
   (a) उस्मान ख्वाजा
   (b) डेविड वार्नर
   (c) स्टीव स्मिथ
   (d) मार्नस लाबुशेन

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (d) | (a) | (b) | (d) | (b) | (d) | (c) | (a) | (b) |